**भारतीय जनता पार्टी**
**(केंद्रीय कार्यालय)**
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

07 अप्रैल 2026, मंगलवार

# केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा असम के श्रीभूमि, हैलाकांडी और कछार में आयोजित जनसभाओं में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु

***************

**कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि गुजरात और जो प्रांत भाजपा का समर्थन करते हैं, वे अनपढ़ हैं, कांग्रेसियों को इस बात पर शर्म आनी चाहिए**

**मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि RSS और भाजपा सांप हैं, इन्हें मार देना चाहिए, यह लोकतंत्र की भाषा नहीं है**

**असम और त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठ बंद हुई, बंगाल में भी भाजपा सरकार बनने वाली है और घुसपैठ रुकने वाली है**

**असम में भाजपा सरकार पहली कैबिनेट में यूसीसी लाएगी और इसके बाद किसी को चार शादी करने की अनुमति नहीं मिलेगी**

**पहले 5 साल भाजपा ने असम में घुसपैठ रोकी, दूसरे 5 साल में उन्हें चिन्हित किया और तीसरी बार में उन्हें चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे**

**दशकों तक बोडो, बंगाली और असमिया को आपस में लड़ाकर कांग्रेस ने असम पर शासन किया और विकास को रोके रखा**

**मोदी जी ने असम की सांस्कृतिक पहचान 'गमछा' को पूरे विश्व में फैलाया, राहुल गांधी ने गमछा ओढ़ने से मना कर इसका अपमान किया**

## केवल भाजपा ही है जो करीमगंज को श्रीभूमि कर सकती है, जिनकी जड़ें इटली में हों, उनको श्रीभूमि का मतलब क्या मालूम होगा

## राहुल गांधी और ममता बनर्जी CAA से शरणार्थियों को नागरिकता देने का विरोध करते हैं, लेकिन घुसपैठियों को बचाते हैं

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को असम के श्रीभूमि, हैलाकांडी और कछार में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और असम की जनता से प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा और एनडीए की सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बैजयंत पांडा जी, केंद्रीय मंत्री श्री अजय टम्टा, लोकसभा सांसद श्री कृपानाथ मल्लाह, असम सरकार के पूर्व मंत्री श्री मानब चक्रवर्ती, पाथरकांडी से भाजपा प्रत्याशी श्री कृष्णेंदु पॉल, हैलाकांडी के भाजपा प्रत्याशी डॉ. मिलन दास, अल्गापुर से असम गण परिषद के प्रत्याशी श्री जाकिर हुसैन, लखीपुर से भाजपा प्रत्याशी श्री कौशिक राय और उधारबोंद से भाजपा प्रत्याशी श्री राजदीप ग्वाला सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री अमित शाह ने कहा कि पाथरकांडी क्षेत्र का नाम ही बहुत मजबूत है, पाथर का अर्थ अटूट इच्छाशक्ति होता है और कांडी का अर्थ पहाड़ियों जैसा बुलंद हौसला होता है। जिस जनता में अटूट इच्छाशक्ति और पहाड़ियों जैसा बुलंद हौसला हो, उसे कोई हरा नहीं सकता। आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है और सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री कृष्णेंदु को जिताने के लिए एकत्रित हुए हैं। श्री कृष्णेंदु को वोट उन्हें विधायक बनाने के लिए नहीं देना है बल्कि पूरी बराक घाटी को घुसपैठियों से मुक्त कराने के लिए देना है। हमने घुसपैठियों को चिन्हित कर लिया है और अब बारी उन्हें चुन-चुनकर देश के बाहर खदेड़ने की है। असम की जनता को यह तय करना है कि एक ओर भारतीय जनता पार्टी है, जो करीमगंज का नाम बदलकर 'श्रीभूमि' करती है और दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है, जो घुसपैठियों के सहारे सत्ता हासिल करना चाहती है। कांग्रेस पार्टी ने पूरे क्षेत्र को घुसपैठिया बहुल बना दिया है और पूरे असम को भी वैसा ही बनाना चाहती है। राहुल गांधी कान खोलकर सुन लें, उनकी तीन पुश्तें भी आ जाएंगी, फिर भी हम असम को घुसपैठियों से मुक्त करके रहेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र ने बहुत समय से भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिया है। 1991 में 10 में से 9 सीटें दीं लेकिन इस बार रिकॉर्ड तोड़ना है और सभी सीटें भारतीय जनता पार्टी को ही जितानी हैं। श्रीभूमि की चारों सीटें भारतीय जनता पार्टी को देनी हैं और पूरी दुनिया को यह बताना है कि इस भूमि का नाम करीमगंज नहीं, बल्कि 'श्रीभूमि' है। जिनकी जड़ें इटली में हों, उन्हें श्रीभूमि का अर्थ क्या मालूम पड़ेगा, यह तो भारत के लोग ही

समझ सकते हैं। सिलचर विश्वविद्यालय में में असमिया विभाग की स्थापना करने का काम किया गया और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बंगाली और असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने का कार्य किया है। जब भाजपा CAA की बात करती है तो कांग्रेस उसका विरोध करती है, क्योंकि उन्हें मालूम है कि CAA लागू होते ही घुसपैठियों को जाना पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी ने बहुत बड़े षड्यंत्र के साथ इस पूरे क्षेत्र को घुसपैठिया बहुल क्षेत्र बनाने का काम किया है।

श्री शाह ने कहा कि वोट बैंक की गंदी राजनीति के कारण 1950 के 'इमिग्रेंट्स एक्ट' को समाप्त कर दिया गया था। श्री गोपीनाथ जी ने असम को बचाने के लिए 1950 में 'इमिग्रेंट्स एक्ट' लाया था, लेकिन कांग्रेस ने 1983 में IMDT एक्ट पारित कर घुसपैठियों को यहां शरण देने का काम किया। वेटलैंड, चारागाह, जंगल और बराक घाटी धीरे-धीरे घुसपैठियों से भरने लगे। धुबरी, बारपेटा, दरांग, मरिगांव, होजाई, नगांव और गोलपारा जैसे सात जिले घुसपैठिया बहुल हो गए। कांग्रेस को जो करना था, उन्होंने कर दिया, अब देश में आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार है, असम, बंगाल तथा त्रिपुरा, तीनों में भाजपा सरकार बनने के बाद न केवल घुसपैठ को रोका जाएगा, बल्कि घुसपैठियों को चुन-चुनकर देश के बाहर खदेड़ा जाएगा। घुसपैठिए, हमारे प्रदेश के युवाओं के रोजगार छीन रहे हैं, गरीबों के धान और चावल में हिस्सेदारी ले रहे हैं और चाय बागान मजदूरों की मजदूरी छीन रहे हैं। इसे अब और सहा नहीं जाएगा और घुसपैठियों को देश के बाहर निकालने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने 1,50,000 बीघा जमीन को घुसपैठियों से मुक्त कराने का काम किया है और यह अभियान आने वाले दिनों में भी लगातार जारी रहेगा। हम इसको रोकेंगे और जाति, माटी और भेटी के संकल्प को आगे बढ़ाया जाएगा। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने डॉ. भूपेन हजारिका को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया, वहीं कांग्रेस के अध्यक्ष ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि गाने-बजाने वालों को भारत रत्न दे दिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी को राहुल गांधी के साथ रहकर क्या हो गया है, जो वे भूपेन हजारिका को केवल गाना-बजाना करने वाला कह रहे हैं। भूपेन हजारिका भारतीय संस्कृति के सच्चे राजदूत हैं।

श्री शाह ने कहा कि भाजपा सरकार ने सिलचर में सुभाष बाबू की प्रतिमा स्थापित की और करीमगंज का नाम बदलकर श्री भूमि किया, जिसका कांग्रेस ने विरोध किया। गौरव गोगोई भी इसके विरोध में खड़े हैं, वे किसकी वकालत कर रहे हैं? इस भूमि पर वही नाम रहेंगे, जो हमारी संस्कृति से जुड़े हैं और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने असम की संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ गमोछा को पूरे विश्व में प्रसिद्ध किया है। 26 जनवरी को राष्ट्रपति महोदया द्वारा राहुल गांधी को गमोछा पहनने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने उसे धारण नहीं किया। कांग्रेस की सरकारों ने लचित बरफुकन को भुला दिया था, मुख्यमंत्री श्री

हिमंता बिस्वा सरमा ने उनकी 400वीं जयंती दिल्ली में मनाकर उन्हें पूरे देश में सम्मान दिलाने का कार्य किया। कांग्रेस की सरकारों ने असम में 700 से अधिक मदरसे बनाए, लेकिन एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं बनाया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने मेडिकल कॉलेज तो बनाए ही और मदरसों को प्राथमिक स्कूलों में परिवर्तित कर बच्चों को आधुनिक शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तीन तलाक को समाप्त किया। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध कर रही है। हम यूनिफॉर्म सिविल कोड लेकर आने वाले हैं, उसका भी विरोध किया जा रहा है, जबकि यूनिफॉर्म सिविल कोड का अर्थ है कि अब कोई चार शादी नहीं कर सकता।

श्री अमित शाह ने कहा कि जब से राहुल गांधी कांग्रेस के नेता बने हैं, तब से कांग्रेसियों के सार्वजनिक जीवन का स्तर नीचे गिरता चला गया। अभी दो दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष ने यह कहा कि गुजरात और वो प्रदेश जो भाजपा का समर्थन करते हैं, वो अनपढ़ हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए कि जिस गुजरात ने दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, विक्रम साराभाई, महान टाटा और मोदी जी जैसे नेता दिए, उसी गुजरात को अनपढ़ कहा जा रहा है। कांग्रेस ने एक नई व्याख्या गढ़ ली है कि जो उनका समर्थन करेगा वही शिक्षित है और बाकी सभी अनपढ़ हैं। पूरे देश की जनता कांग्रेस को चुनाव के मैदान में जवाब देने वाली है। कांग्रेस अध्यक्ष कहते हैं कि भाजपा और आरएसएस सांप हैं और इन्हें मार देना चाहिए। खड़गे जी, मंच पर चढ़कर देखिए, हजारों की संख्या में लोग खड़े हैं। यह लोकतंत्र की भाषा नहीं है, यह लोग संसद नहीं चलते देते हैं, एआई समिट में कपड़े उतारकर भारत के विरुद्ध प्रचार करते हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस, भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा हो गई है। आने वाली 9 तारीख को मतदान के दिन असम की जनता, कांग्रेस को उत्तर देगी। कांग्रेस हमेशा से बराक वैली और असम के विरोध में रही है। 1962 में जब चीन आगे बढ़ा तो लड़ने के बजाय जवाहरलाल नेहरू ने पीछे हटने का रास्ता अपनाया। यह किसी की पुश्तैनी जमीन नहीं है बल्कि भारत का अभिन्न हिस्सा है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की एक इंच भूमि भी कोई नहीं हड़प सकता। 90 के दशक से कांग्रेस ने इस क्षेत्र में हिंसा को बढ़ावा दिया, जिसके कारण बम धमाके, गोलीबारी, बंद, हिंसा और आंदोलन जैसी घटनाएं होती रहीं। इसमें हजारों युवा मारे गए और पुलिस की गोली का शिकार हुए। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आने के बाद नॉर्थ-ईस्ट में एक के बाद एक समझौते किए गए और युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में वापसी की।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अब बम धमाके नहीं होते, गोलीबारी नहीं होती और घुसपैठिए भी यहां के लोगों को परेशान नहीं कर पाते हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने असम में शांति स्थापित करने का काम किया है। आगे चलकर असम को देश के अन्य प्रदेशों की तरह एक विकसित राज्य बनाने का लक्ष्य है, जहां लाखों करोड़ रुपये का

निवेश आ रहा है, बोगीबील जैसे छह पुल बनाए गए हैं और हजारों किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ है।

श्री शाह ने कहा कि ‘सिलचर के लोगों को गुवाहाटी जाने की आवश्यकता कम करने के लिए वहां असम का सचिवालय स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही श्रीभूमि में एम्स का नया केंद्र बनाया जाएगा और गुवाहाटी-अगरतला वाया सिलचर वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी। डोलू में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का विकास भी किया जाएगा और प्रत्येक चाय बागान के श्रमिक को भूमि पट्टा देने का कार्य भाजपा सरकार द्वारा किया जाएगा। हम हर बहन को ₹3,000 प्रतिमाह देंगे, असम में किसानों को किसान सम्मान की निधि बढ़ाकर ₹9,000 करेंगे और असम की शांति को बरकरार रखेंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को वोट देने के कई कारण हैं, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाया है। श्रीभूमि तथा बराक वैली को घुसपैठिया मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी पूरा नहीं कर सकती। असम की जनता से अपेक्षा है कि वो कमल के निशान पर वोट देकर भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने भाजपा के सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाकर असम में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने की अपील की।

***************